>Title: Need to restore train service between Jharia and Pathardih of Jharkhand.

**श्री विकास चौधरी (आसनसोल) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। झारखंड में झरिया कोल टाउन है, जिसका रेल मार्ग से संबंध विच्छेद हो गया है। वहां जो रेलवे लाइन पथरडीह से झरिया तक जाती थी, वह पिछले छः महीनों से बंद हो गई है। वह रेलवे लाइन कोयला खदान में गैरकानूनी खनन के कारण बंद हुई है। झरिया इतना बड़ा टाउन और बिजनेस सैन्टर है, इस लाइन के बंद होने से वहां बहुत नुकसान हो रहा है। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि जल्दी से जल्दी पथरडीह-झरिया रेलवे लाइन को जोड़ा जाए।